# NCRES

## NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

**R. P. Singh**
*Gen. Secretary*
*&*
*Treasurer-NFIR*

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645


No : 236/NCRES/71/76/25 Date : 24.12.2025

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय : नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के लेखा, इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं स्टोर विभाग की रिक्तियों को भरने के बजाय मनमाने ढ़ंग से रिक्त पदो को Surrender व Redeployment करना।

संदर्भ :(1) लेखा विभाग के यार्ड स्टिक के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पत्र संख्या E(MPP) 2019/1/16 दिनांक 30.12.2021

(2) नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के कार्मिक विभाग का पत्र संख्या 797-E/MPP/Action Plan Target/MoU/2025-26 दिनांक 18.10.2025

(3) PFA/NCR का आपत्ति पत्र संख्या - AC/NCR/ADMN/Action Plan/136 दिनांक 4.11.2025 के बावजूद लेखा विभाग के पदो को Surrender/redeployment की प्रकिया पर रोक न लगाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में लेखा, इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं स्टोर विभाग में रिक्तियों के कारण कर्मचारियों पर कार्य का बेहद दबाव है एवं इसी कारण तमाम कर्मचारी असमय ही सुगर, बी.पी., माइग्रेन, हृदय रोग आदि अन्य गम्भीर बीमारियों का शिकार हो रहे है परन्तु नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में इन्हीं विभागो के लगभग 280 पदो को मनमाने ढ़ंग से सरेन्डर कर दिया गया है जिसमें से 118 पदो का Redistribution पूर्व में किया जा चुका है एवं पुनः 162 पदो के Redistribution हेतु कार्मिक विभाग द्वारा संदर्भित (2) पत्र दिनांक 18.10.2025 जारी किया गया है।

यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान में नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में लेखा विभाग में 957 स्वीकृत पदो के सापेक्ष 743 कर्मचारी कार्य कर रहे है जबकि रेलवे बोर्ड द्वारा जारी यार्ड स्टिक के अनुसार पदो की स्वीकृत संख्या 1332 होना चाहिये जो PFA द्वारा CPO/Admin/NCR को लिखे पत्र दिनांक 4.11.2025 से भी परिलक्षित होता है।

इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि लेखा, इंजीनियरिंग, मेडिकल, स्टोर एवं अन्य विभाग की रिक्तियों के कारण कर्मचारियों की बहुत कमी है लेकिन कार्मिक विभाग ने बिना किसी वर्क स्टडी एवं बिना मान्यता प्राप्त संगठन से वार्ता किये उपरोक्त विभागो के 280 पदो का Redeployment मनमाने ढ़ंग से कर दिया जिससे कर्मचारियों में बेहद आकोश है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त नियम विरूद्ध किये गये पदो के Surrender/redeployment की प्रकिया पर रोक लगाने हेतु उचित आदेश करने का कष्ट करें एवं साथ ही लेखा, इंजीनियरिंग, मेडिकल, स्टोर एवं अन्य विभागों में रेलवे बोर्ड के नार्मस के अनुसार वर्क स्टडी कराकर नये पदो के सृजन/रिक्तियों को भरने हेतु कार्यवाही शुरू करने के लिये उचित आदेश जारी करने की कृपा करें।

यह भी अनुरोध है कि की गयी कार्यवाही से NCRES को अवगत कराया जाय ताकि आक्रोशित कर्मचारियों को वास्तुस्थिति से अवगत कराया जा सके।

प्रतिलिपि : प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री